>

Title: Need to make opening of Zero balance Savings account in Bank hassle-free for beneficiaries covered under different welfare schemes of the Government in the country particularly in Kota Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा): देश में किसानों एवं गरीब लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलायी गयी हैं, जिसके अंतर्गत सब्सिडी का पैसा सीधे उनके बैंक एकाउंट में जाएगा। इसके लिए भारत सरकार ने सभी सरकारी बैंकों एवं ग्रामीण बैंको को निर्देश दिया हुआ है कि किसानों एवं गरीब व्यक्तियों के खाते जीरो बैलेंस के आधार पर खोले जायें। परन्तु खेद के साथ सदन को सूचित करना पड़ रहा है कि कई जिलों में विशेषकर मेरी संसदीय क्षेत्र कोटा बूँदी में किसानों एवं गरीब लोगों को जीरो बैलेंस के आधार पर खाते खोलने हेतु बैंकों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं और बैंक अधिकारी जीरो बैलेंस के आधार पर उनके खाते नहीं खोल रहे हैं। जिसके कारण कल्याणकारी योजनाओं को लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है।

सरकार से अनुरोध है कि जो भी किसान या ग्रामीण गरीब व्यक्ति बैंकों में जीरो बैलेंस के आधार पर खाता खोलने जाये तो उनका खाता तत्काल खोला जाये, जिससे वे सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के तहत मिल रही छूट का फायदा उठा सकें।